# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796


प.14(105)RSSB / अर्थना / सा.प्र.वि. / हाउ.की. / भर्ती / 2022 682 दिनांकः– 13.07.2022

**–:: कार्यालय आदेश ::–**

**हाउस कीपर (House Keeper) सीधी भर्ती–2022**

बोर्ड द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग राजस्थान के लिये हाउस कीपर सीधी भर्ती–2022 हेतु दिनांक 29.03.2022 को विज्ञापन जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त भर्ती बोर्ड द्वारा दिनांक 09.07.2022 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है। इस भर्ती में ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु **दिनांक 14.07.2022 से दिनांक 23.07.2022 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, जन्म तिथि, लिंग एवं वैवाहिक स्थिति इत्यादि में निर्धारित रू. 300 / –का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। आवेदक के नाम, माता / पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन **प्रतिबंधित** रहेगा। आवेदक के नाम, माता / पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। **उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इस हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव